दैनिक
न्याय साक्षी
संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल
रायगढ़, मंगलवार 20 नवम्बर 2018
www.nyaysakshi.com

संपादकीय

विरासत का बंटवारा

सत्ता के लिए राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की बलिबेदी पर आखिरकार ओम प्रकाश चौटाला की राजनीतिक विरासत दो भाइयों में बंट गई। शनिवार को हुए दो समानांतर कार्य मों में बंटवारे की मंशाओं पर मोहर लग गई। एक ने जनाधार का दमखम दिखाया तो दूसरे ने विधायकों और पदाधिकारियों का जमावड़ा किया। बहरहाल, इतना तय है कि इनेलो पार्टी व संगठन पर अभय चौटाला का वर्चस्व कायम रहेगा। अजय चौटाला नई पार्टी बनाएंगे। कई सालों से पार्टी पर वर्चस्व को लेकर चल रही तनातनी जब सड़कों पर आई तो तय हो गया था कि कुछ अप्रत्याशित घटने वाला है। विडंबना यह है कि पार्टी के सूत्रधार ओम प्रकाश चौटाला शिक्षक भर्ती घोटाले में जेल की सज़ा काट रहे हैं। उनके साथ अजय चौटाला भी सहअभियुक्त हैं। इसके चलते बीच-बचाव व सुलह की कोशिशें उस स्तर तक नहीं हो पाईं, जैसी वे बाहर रहकर कर सकते थे। हालांकि, उनके लिखित बयान के जरिये अजय चौटाला के निष्कासन की सूचना मीडिया को दी गई मगर यदि वे सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा करते नजर आते तो बात कुछ और होती। बहुत संभव है पार्टी में बिखराव को किसी हद तक टालने की कोशिश भी की जाती। बहरहाल, महाभारत की धरती में एक बार फिर राजसत्ता के लिए भाइयों में महाभारत हुआ। महाभारत के जिन प्रतीकों व प्रसंगों की ओम प्रकाश चौटाला अपनी जनसभाओं में मिसाल दिया करते थे, उन्हीं को उनके बेटे हकीकत बनाते नजर आये जो इस बात का प्रतीक है कि समय जरूर बदला है सत्ता की राजनीति का चेहरा-मोहरा अभी भी नहीं बदला है, जिसने बदले हुए देश-काल परिस्थितियों में खुद को दोहराया है।

अब जब तय हो गया है कि पार्टी पर अभय चौटाला काबिज रहने वाले हैं और नौ दिसंबर को होने वाली रैली में नई पार्टी की घोषणा करने दावा किया जा रहा है तो इससे इनेलो के विभाजन पर मोहर तो लग जाती है। रिश्तों की तल्खी से निकलकर दोनों भाइयों ने जुदा-जुदा राहें चुन ली हैं। यह निष्कर्ष निकालना कठिन नहीं है कि शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तारी के बाद चुनाव लड़ने के अयोग्य होने के चलते अजय चौटाला ने पार्टी की राजनीतिक विरासत सांसद पुत्र दुष्यंत व युवा संगठन के सूत्रधार दिग्विजय चौटाला को हस्तांतरित करने का मन बनाया होगा। पुत्रमोह कालांतर इस विभाजन की वजह बना। बहरहाल, इतना तय है कि आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में इनेलो व अजय चौटाला की पार्टी को नयी सिरे से जमीन तलाशनी होगी। पार्टी की ताकत में कमी स्वाभाविक है, जिसके चलते सत्तारूढ़ भाजपा को पहले जैसी चुनौती नहीं मिल पायेगी। वोटों का विभाजन भी तय है। इनेलो अपनी आधी ताकत के साथ मैदान में होगा। हरियाणा के राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो नई पार्टी बनाकर राजनीति करने के विकल्प सिरे नहीं चढ़े हैं। फिर इनका विलय मुख्यधारा के राजनीतिक दलों में हुआ है। इसकी परीक्षा आसन्न चुनावों में हो जायेगी। ये आने वाला वक्त बतायेगा कि दुष्यंत चौटाला व दिग्विजय युवा तुर्क साबित होते हैं या अभय चौटाला का अनुभव बाजी मारता है। दशकों तक जाट बेल्ट में दमखम रखने वाले इनेलो का बिखराव निश्चित रूप से हरियाणा के राजनीतिक परिवर्तन की दिशा-दशा को तय तो करेगा ही।

जीएसटी के बाद से अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मांग में तेजी

नयी दिल्ली (आरएनएस)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद देश में, खासकर छोटी और मझोली इकाइयों की ओर से अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मांग तेजी से बढ़ी है। इस उद्योग के जुड़े लोगों का कहना है कि अकाउंटिंग साफ्टवेयर की मदद से उद्यमों को जीएसटी के अनुपालन में आसानी होती है। एक सर्वे के अनुसार जीएसटी के लागू होने के बाद अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मांग लगभग 200 प्रतिशत बढ़ी है। प्रमुख अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर कंपनी बिजी इन्फोटेक

के संस्थापक निदेशक राजेश गुप्ता का कहना है,' अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर कंपनियों की मदद से जीएसटी में भ्रांतियों का वातावरण दूर करने में मदद मिली है और इस नयी कर प्रणाली की प्रक्रिया को आज सुगम किया जा सका है।'' उन्होंने अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर उद्योग पर किए गए एक हालिया सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा, ''जीएसटी लागू होने से पहले भारत का अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर उद्योग लगभग 500 करोड़ रुपये था जो 2017 में ही जीएसटी लागू होने के बाद तेजी से आयी मांग के कारण बढ़कर 1,500 से 1,800 करोड़ रुपये हो गया।

वर्तमान समय में यह 1,000 से 1,200 करोड़ रुपये है।'' छोटे कारोबारियों और दुकानदारों के लिए जुलाई 2017 से जीएसटी लागू किए जाने के बाद इसका रिटर्न तैयार कर उसे आनलाइन दाखिल करना खासकर छोटी/मझोली इकाइयों के लिए चुनौती रहा है। अकाउंटिंग साफ्टवेयर की सहायता से इसमें आसानी को देखते हुए इसकी मांग बढ़ी है। इस उद्योग का मानना है कि कि ई-कॉमर्स उद्योग के प्रसार, युवाओं के स्व-व्यवसाय के प्रति रुझान आदि कारणों से निकट भविष्य में यह तेजी बनी रहेगी।

बकाया वेतन न मिलने पर नाराज हुए जेट एयरवेज के पायलट, फ्लाइट्स पर पड़ सकता है असर

मुंबई (आरएनएस)। जेट एयरवेज में वेतन संकट के चलते पायलटों ने गंभीर रुख अपना लिया है। सूत्रों की मानें तो आने वाले दिनों में एयरलाइंस के पायलट अतिरिक्त ड्यूटी नहीं करेंगे। एयरलाइंस के पायलटों ने धमकी दी है कि उनका बकाया वेतन 30 नवंबर तक नहीं दिया गया तो वे अतिरिक्त ड्यूटी नहीं देंगे। अगर इस फैसले को अमलीजामा पहनाया गया तो आने वाले दिनों में जेट एयरवेज की फ्लाइट्सके परिचालन पर भी इसका असर पड़ेगा।

सूत्रों के मुताबिक नरेश गोयल के नियंत्रण वाली यह कंपनी लगातार पिछली तीन तिमाही से घाटे में चल रही है और अपने कुछ कर्मचारियों के वेतन का भुगतान समय से नहीं कर रही है। इसी कारण पायलटों ने कड़ा रुख अपनाया है। अगर पायलट अड़ गए तो एक दिसंबर से वे कोई अतिरिक्त कार्य नहीं करेंगे और बस रोस्टर का ही पालन करेंगे। इस फैसले से प्रबंधन को मौखिक रुप से अवगत करा दिया गया है। जेट एयरवेज ने इस संबंध में पूछे गए सवाल का कोई जवाब नहीं दिया।

उल्लेखनीय है कि नकदी संकट से जूझ रही जेट एयरवेज के अभियंताओं, वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों के साथ ही करीब 1600 पायलटों को सितंबर की तनख्वाह के 50 फीसद हिस्से का ही भुगतान किया गया है। उन्हें सितंबर की आधी तनख्वाह और अक्टूबर की पूरी तनख्वाह मिलनी बाकी है।

अब 3 लोग तय करेंगे कच्चे तेल की कीमत!

नई दिल्ली (आरएनएस)। हाल के घटनाक्रमों से यह तय हो गया है कि कच्चे तेल की कीमतें तय करने में अब तेल उत्पादक देशों के समूह (ओपेक) की भूमिका खत्म हो गई है। साल 2019 और उसके आगे तेल की कीमत तय करने में अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन और सऊदी अब के क्राउन प्रिंस

मोहम्मद बिन सलमान की भूमिका सर्वोपरि होगी। हालांकि यह अलग बात है कि तीनों की सोच अलग है।

ओपेक जहां साझा भूमिका को लेकर उलझन में है, वहीं दूसरी तरफ तेल की वैश्विक आपूर्ति पर अमेरिका, रूस और सऊदी अरब का दबदबा हो गया है। तीनों मिलकर ओपेक के 15 सदस्य देशों के बराबर तेल का उत्पादन करते हैं। तीनों देश रिकॉर्ड मात्रा में तेल का उत्पादन कर रहे हैं।

लड़कियों को शिक्षित करें : हिना सिद्धू

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय शूटर हिना सिद्धू का कहना है कि शिक्षा हर चीज की आधारशिला होती है और इसलिए लड़कियों को शिक्षित करना बेहद जरूरी है। सिद्धू ने कहा, इस प्रक्रिया में आप जो कड़ी मेहनत कर रहे हैं, उसका आनंद लें और लड़कियों को शिक्षित करें। हमारे आसपास मौजूद हर चीज की आधारशिला शिक्षा है।

औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली से उद्योग की प्रतिस्पर्धी क्षमता सुधरेगी: प्रभु

नई दिल्ली (आरएनएस)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने सोमवार को कहा कि औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली विकसित करने से उद्योग प्रतिस्पर्धा की स्थिति सुधरेगी।

प्रभु के मुताबिक, इससे विनिर्माण क्षेत्र को भी प्रोत्साहित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय चार स्तंभों के आधार पर देश में औद्योगिक पार्कों के आकलन के लिए प्रणाली बना रहा है।

प्रभु के अनुसार, ये चार स्तंभ हैं- आंतरिक और बाहरी ढांचा, संपर्क, पर्यावरण एवं सुरक्षा प्रबंधन और कारोबार के समर्थन वाली सेवाएं।

भ्रष्टाचार में फंसे दिग्गज कार कंपनी निसान के चेयरमैन, गिरफ्तार

टोक्यो (आरएनएस)। वित्तीय कानून के उल्लंघन के आरोप में घिरे विश्व की दिग्गज कार कंपनी निसान मोटर के चेयरमैन कार्लोस घोषन (64) को आज गिरफ्तार कर लिया गया। खुद कंपनी का कहना है कि कार्लोस ने कई सालों तक अपनी इनकम वास्तविक से कम बताते हुए कंपनी के पैसे का निजी इस्तेमाल किया।

व्हिसल ब्लोअर की शिकायत पर कार्लोस के खिलाफ जांच शुरू हुई थी। उन्हें चेयरमैन के पद से हटाया जाएगा। कार्लोस के अलावा कंपनी के डायरेक्टर ग्रेग कैली पर भी ऐसे ही आरोप हैं। उन्हें

भी बाहर किया जाएगा। कार्लोस की गिरफ्तार की खबर आने के बाद कंपनी के शेयरों में 6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। निसान मोटर्स के अलावा कार्लोस घोश्न फ्रांसिसी ऑटोमोबाइल कंपनी रेनॉ के भी चेयरमैन और सीईओ हैं। कार्लोस ने वर्ष 2017 में निसान मोटर्स के सीईओ का पद छोड़ दिया था। हालांकि वो अभी भी कंपनी के चेयरमैन बने हुए हैं। दरअसल साल 1999 में रिनॉल्ट ने निसान में कंट्रोलिंग हिस्सेदारी खरीदी थी। उसके बाद कार्लोस निसान से जुड़े और 2001 में सीईओ बन गए थे।

आज का राशिफल

मेषः आप का दिन मित्रों और सामाजिक कार्यों के पीछे भागदौड़ में बीतेगा। धन खर्च भी करना पडेगा। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। बड़ो से सहयोग भी प्राप्त होगा। आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। प्रवास और पर्यटन होगा।

वृषभः आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यवसाय में प्रगति होगी। कार्यालय में अधिकारियों से सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक जीवन में सुख और संतोष प्राप्त होगा। मित्रों से मुलाकात आनंददायी रहेगी।

मिथुनः आज मन परेशान और स्वास्थ्य नरम रहेगा। कार्य करने में उत्साह की कमी रहेगी। व्यवसायिक स्थल पर भी अधिकारी और सहकर्मियों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा। धन खर्च हो सकता है। प्रतिस्पर्धियों से सावधान रहें।

कर्कः आज नकारात्मक भाव हावी रहेगा। क्रोध पर भी आज संयम रखना होगा। खर्च अधिक होने की संभावना है। परिजनों के बीच कोई विवाद न हो इसका ध्यान रखें। नए कार्यों का प्रारंभ आज न करें।

सिंहः आज जीवनसाथी से तालमेल की कमी हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें। सामाजिक मामलों में व्यवहार संयमित रखें, अपमान से बचेंगे। साझेदारों के साथ मतभेद हो सकता है। कोर्ट-कचहरी से दूर रहें।

कन्याः व्यावसायिक क्षेत्र में आज यश प्राप्त होने की संभावना है। सहकर्मियों से सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण में सुख का अनुभव होगा। शारीरिक और मानसिकरूप से आप स्वस्थ रहेंगे। आर्थिक लाभ होगा।

तुलाः आपकी मधुर वाणी से लोग प्रभावित होंगे। परिश्रम की तुलना में परिणाम कम हो सकता है। कार्य में संभलकर आगे बढ़ना होगा। अपच की पीड़ा होने से खान-पान में ध्यान रखें। साहित्य लेखन की प्रवृत्ति में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिकः शारीरिक और मानसिकरूप से अस्वस्थता के कारण व्यग्रता बनी रहेगी। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। धन और कीर्ति की हानि हो सकती है। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण हो सकता है। अनिद्रा सताएगी।

धनुः सेहत अच्छी रहेगी। नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए समय अनुकूल है। स्नेहीजनों के साथ समय आनंद पूर्वक बिताएंगे। धर्म कर्म में रुचि रहेगी। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मिलना हो सकता है।

मकरः परिजनों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव के प्रसंग हो सकते हैं। निरर्थक खर्च होगा। शेयर में पूंजी-निवेश संभलकर करें। गृहणियों को आज असंतोष हो सकता है।

कुंभः आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। मित्रों और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। प्रवास और पर्यटन का आनंद उठा सकेंगे। ईश्वर का ध्यान करें और अनैतिक कार्यों से दूर रहें।

मीनः आज सभी कार्यों में मन की एकाग्रता से फायदा होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिजनों के साथ मतभेद हो सकता है।

मुक्केबाजः सोनिया क्वार्टरफाइनल में, स्वीटी बाहर

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत की युवा मुक्केबाज सोनिया ने अपना शानदार प्रदर्शन बरकरार रखते हुए पूर्व चैंपियन बुल्गारिया की पेत्रोवा स्टेनिमिरा को सोमवार को 54-57 किग्रा फेदरवेट वर्ग में कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर आईबा महिला विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोनिया इस तरह

प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली चौथी भारतीय मुक्केबाज बन गयी हैं। इससे पहले पांच बार की चैंपियन एमसी मैरीकॉम और मनीषा मौन ने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली थी जबकि सीमा पूनिया (81 प्लस) को सीधे ही क्वार्टरफाइनल में प्रवेश मिला था। हालांकि भारत को उस समय निराशा हाथ लगी जब स्वीटी बूरा को 69-75 किग्रा के मिडलवेट वर्ग के प्री क्वार्टरफाइनल में पोलैंड की एल्ज़बिता वोजिक के हाथों 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

पोलैंड की मुक्केबाज ने पूरे मुकाबले में अपना दबदबा बनाये रखा जिससे जजों ने वोजिक के पक्ष में सर्वसम्मत फैसला दिया।

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को लंबे कद का फायदा, पर हम भी हैं तैयारः रोहित शर्मा



ब्रिस्बेन (आरएनएस)। भारतीय उपकप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को अपने लंबे कद का फायदा मिलेगा, लेकिन उनकी टीम भी इस बार क्रिकेट की इस प्रतिद्वंद्विता की नई परिभाषा गढ़ने को तैयार है। भारतीय टीम दौरे की शुरुआत 21 नवंबर को टी20 मैच से करेगी। रोहित ने कहा कि तेज पिचों पर खेलना उतना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'भारत ने हमेशा पर्थ या ब्रिस्बेन में खेला है। इन दोनों मैदानों पर हालात चुनौतीपूर्ण रहते हैं और ऑस्ट्रेलिया के लंबे गेंदबाज हालात का पूरा फायदा उठाते हैं।

जानिए मालपुआ बनाने की रेसिपी

घरों में कुछ न कुछ मीठा बनाते हैं। अगर आप इस बार मीठे में कुछ डिफरेंट ट्राई करना चाहती हैं तो हम आपके लिए मालपुआ बनाने की रेसिपी लेकर आए हैं। यह खाने में बहुत ही स्वादिष्ट होते हैं व आप इसे सरलता से घर में बना सकती हैं। आइए जानते हैं मालपुआ बनाने की रेसिपी।

सामग्री

(बैटर के लिए)

मैदा- 1 कप,मिल्क पाउडर- ½ कप,सूजी- 2 टेबलस्पून ,सौंफ- ½ टीस्पून, दूध- 1 कप

(चीनी सिरप के लिए)

चीनी- 1 कप ,पानी- ½ कप, इलायची पाउडर- द टीस्पून

(बाकी की तैयारी)

तेल- तलने के लिए ,ड्राई फ्रूट- गार्निश के लिए

विधि-

1- मालपुआ बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में मैदा ले ले । अब इसमें मिल्क पाउडर, सूजी व दूध डालकर गाढ़ा घोल बनाएं ।

2- अब इसे 20 मिनट के लिए ढक कर रख दें । अब एक पैन में चीनी व पानी डालकर 5 मिनट तक उबालें । जब चीनी पूरी तरह से मिक्स हो जाए तब इसमें इलायची पाउडर डालकर अच्छे से मिलाएं व ढक कर रख दें ।

3- अब एक कढ़ाई में ऑयल गर्म करके इसमें एक कड़छी तैयार किया हुआ मिलावट डालकर फैलाएं । अब इसे धीमी आंच पर 1 मिनट तक फ्राई करें ।

4- अब इसे पलट कर दूसरी तरफ से फ्राई करें । इसी तरह सारे मालपुए तैयार कर ले ।

5- अब मालपुआ को तैयार की हुई चाशनी में डालकर 5 मिनट तक डुबाएं । लीजिए आप के मालपुए बनकर तैयार है । अब इसे ड्राई फरूट्स के साथ सजा कर सर्व करें ।

शब्द सामर्थ्य-93

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 92 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द		स	पू	त
ल		ब	ल	वा	न			द
म	ह	क		खा	म	खां		बी
ग्न		त	ल	ना		स	फ	र
	म	रा				ना	टा	
	हि		स				फ	न
	ला	ज	वा	ब		म	ट	र
मां		ग		सं	त	ति		भ
	मा	त	ह	त			प	क्षी

सू-दोकू-93

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.92 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1